**1 (Sem–3/FYUGP) HIN42MJ**

**2025**

# HINDI

( Major )

Paper : HIN4300204 MJ

***( Bhasha Vijnyan )***

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) 'भाषा' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की किस धातु से मानी जाती है?

(ख) एककालिक भाषाविज्ञान का दूसरा नाम क्या है?

(ग) वाक्य के कितने अंग होते हैं?

(घ) "मैं चाहता हूँ कि तुम डाक्टर बनो" रचना के आधार पर यह किस प्रकार का वाक्य है?

(ङ) प्रयत्न के आधार पर 'ण' किस प्रकार की ध्वनि है?

(च) प्राणत्व की दृष्टि से 'घ' किस प्रकार की व्यंजन ध्वनि है?

(छ) संस्कृत 'मृग' शब्द का मूल अर्थ क्या था?

(ज) 'अर्थ का सीमित क्षेत्र से निकल विस्तार पा जाना' —को अर्थ परिवर्तन की दृष्टि से क्या कहा जाता है?

निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं छः*** के अत्यंत संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 2×6=12

(क) भाषा और विभाषा के *किन्हीं दो* अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) डॉ. भोलानाथ तिवारी द्वारा दी गई भाषाविज्ञान की परिभाषा लिखिए।

(ग) हिन्दी में संयुक्त स्वर ध्वनियाँ कौन-कौन सी हैं?

(घ) जीभ के भाग की स्थिति के आधार पर 'मध्य स्वर' किसे कहते है, सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सम्बन्धतत्व को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(च) 'राम ने मोहन को मार डाला'—वाक्य का पदक्रम लिखिए।

(छ) 'पद' और 'वाक्य' में क्या सम्बन्ध है?



(ज) समध्वनियों भिन्नार्थक शब्द का आशय स्पष्ट कीजिए।

(झ) अर्थविज्ञान की दृष्टि से '*अर्थ*' को परिभाषित कीजिए।

(ञ) अर्थबोध के साधनों में 'कोश' का क्या महत्व है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 5×4=20

(क) भाषाविज्ञान के साथ व्याकरण के सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए।

(ख) मात्रा के आधार पर स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(ग) प्राणत्व के आधार पर हिन्दी की व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(घ) वाक्य रचना में मुख्यतः किन-किन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है, प्रकाश डालिए।

(ङ) वाक्य-रचना में परिवर्तन के कारणों पर विचार कीजिए।

(च) वातावरण में परिवर्तन होने पर किस प्रकार अर्थों में परिवर्तन होता है स्पष्ट कीजिए।

(छ) शब्द और अर्थ का सम्बन्ध लिखिए।

(ज) भाषा की परिभाषित करते हुए भाषा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) भाषाविज्ञान के विविध प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

(ख) व्यंजन ध्वनि की परिभाषित करते हुए स्थान के आधार पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(ग) रूप परिवर्तन के कारणों को सोदाहरण लिखिए।

(घ) वाक्य किसे कहते हैं? वाक्य रचना में परिवर्तन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) अर्थ परिवर्तन की दिशाओं पर विचार कीजिए।